प्रेषक,

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

1–जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2–उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
3–संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः मा0शि0प0 / पा0पु0रा0 / 04 दिनांकः 04.04.2026

**विषयः–** **शैक्षिक सत्र 2026–27 में माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के नियंत्रणाधीन संस्थाओं में परिषद द्वारा अधिकृत पाठ्यपुस्तकों के प्रचलन, पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर के आयोजन एवं अनधिकृत पुस्तकों के प्रचलन पर कठोर कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 की धारा 7 (1–क) के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संस्थाओं में पठन–पाठन के लिये केवल अधिकृत पाठ्यपुस्तकों का ही प्रचलन विधिक है। पाठ्यपुस्तकों या शिक्षण सामग्री के निर्माण और प्रकाशन का प्रावधान है।

तदनुपालन में माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा **शैक्षिक सत्र 2026–27** हेतु हाईस्कूल स्तर (कक्षा–9 एवं 10) की अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान तथा इण्टरमीडिएट स्तर (कक्षा–11 एवं 12) की अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, लेखाशास्त्र, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान कुल 36 विषयों के लिये अंगीकृत एन0सी0ई0आर0टी0, नई दिल्ली की 70 पाठ्यपुस्तकों एवं कक्षा 09 से 12 तक की हिन्दी, संस्कृत एवं उर्दू विषयों की चयनित 12 पाठ्यपुस्तकें प्रदेश के समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त एवं स्ववित्त पोषित संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के अध्ययनार्थ सस्ते दर पर प्रचलन में लाई गयी हैं।

वर्तमान सत्र 2026–27 हेतु परिषद द्वारा कक्षा–9 से 12 तक के कुल 36 (छत्तीस) आधारित विषयों एवं 12 मौलिक विषयों की पाठ्यपस्तकें अत्यंत सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई गई हैं। इन पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण एवं वितरण के लिए 03 मुद्रकों को अधिकृत किया गया है, जिनका विवरण निम्नवत् हैः–

| कम | मुद्रक / वितरक का नाम | कक्षा | दूरभाष नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | मे0 पायनियर प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स बिहाइन्ड महालक्ष्मी धर्मकांटा, सिकन्दरा आगरा। | 9 एवं 12 | 9837022702 |
| 2 | मे0 सिंघल एजेन्सीज, पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर, बी0एन0 वर्मा रोड, लखनऊ। | 11 | 8400542462 |
| 3 | मे0 पीताम्बरा बुक्स प्रा0लि0, औद्योगिक क्षेत्र, बिजौली, झांसी। | 10 | 9415030979 |

उपर्युक्त मुद्रकों द्वारा विषयवार मुद्रित दर सहित अधिकृत पाठ्यपुस्तकों की सूची सर्वसम्बन्धित को जानकारी प्रदान करने के लिये संलग्न है।

उक्त के क्रम में अपेक्षा है कि आप सुनिश्चित करें कि प्रदेश के समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त एवं स्ववित्त पोषित हाईस्कूल, इंटरमीडिएट संस्थाओं में माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा अधिकृत प्रकाशकों के माध्यम से मुद्रित कराई गयी पाठ्यपुस्तकों के अलावा अन्य कोई पुस्तकें न पढ़ाई जाएं, ताकि अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के अध्ययन के लिये सस्ते दरों पर प्रचलन में लाई गयी उच्च गुणवत्ता की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध हो सकें।

यह संज्ञान में आया है कि विद्यालयों में अनधिकृत पाठ्यपुस्तकें अनुचित रूप से प्रचलित की जा रही हैं। तथा कतिपय संस्थाओं और पुस्तक विक्रेताओं द्वारा दुरभिसंधि कर निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु अनधिकृत निजी प्रकाशकों की पाठ्यपुस्तकें/गाइड बुक जो परिषदीय मूल्यों की तुलना में 149 प्रतिशत से 361 प्रतिशत तक महँगी हैं, से विद्यार्थियों को पढ़ने/खरीदने के लिये विद्यालयों में प्रचलित किया गया है।

इस समस्या के समाधान के लिये प्रभावी निरीक्षण और कठोर कारवाई की तत्काल आवश्यकता है। अतः आपको निम्नलिखित निर्देश निर्गत किए जाते हैं:।

1– इस माह 15 अप्रैल तक अभियान चला कर विद्यालयों का सतत निरीक्षण करें ताकि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों पर अनावश्यक बोझ न पड़े। इसके लिये लगातार निरीक्षण किया जाए और निर्देशों का अनुपालन न करने वाली संस्थाओं अथवा छात्रों को अनधिकृत पुस्तकें या गाइड खरीदने हेतु बाध्य करने वाले प्रधानाचार्य, प्रबंधक या शिक्षक के विरूद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्यवाई भी की जाए।

2– पाठ्य पुस्तकों का कॉपीराइट माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश में निहित है, अतः इनकी पाइरेसी/डुप्लीकेसी (piracy/duplicacy) करने वाले अनधिकृत मुद्रकों/दुकानदारों द्वारा नकली, अधिक मूल्य पर पाठ्यपुस्तकें बेचने पर सम्बन्धित विभाग (पुलिस, प्रशासन, वाणिज्य कर, आयकर) के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से विधिक कार्यवाई की जाय एवं एन0सी0ई0आर0टी0 कॉपीराइट शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्यवाही की जाय।

3–यदि किसी के द्वारा छात्रों को अनधिकृत पुस्तकें या गाइड खरीदने हेतु बाध्य किया जाता है, तो उनके विरूद्ध इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम–1921 के विनियम–18 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें।

4–निरीक्षण में यह ध्यान दे कि इस वर्ष मुद्रित पाठ्यपुस्तकों की असली/नकली पहचान हेतु पाठ्यपुस्तक के आवरण पृष्ठ पर 7 अंकों का अल्ट्रा वॉयलेट फ्लोरोसेंट लाल रंग में सीरियल नंबर मुद्रित कराया गया है। अतः जिन पाठ्यपुस्तकों के आवरण पृष्ठ पर यह सीरियल नंबर नहीं पाया जाए, उन्हें अनधिकृत पाठ्यपुस्तकें माना जाए।

5–अभिभावकों को जागरूक करने और छात्रों के लिए पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए **आगरा एवं सहारनपुर मंडल** द्वारा किए गए सराहनीय प्रयासों की भांति प्रत्येक जनपद में राजकीय एवं सहायता प्राप्त इंटर कॉलेजों में 15 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से **पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर (पुस्तक मेला)** आयोजित कराए जाएं तथा जनपद स्तर के किसी शिक्षाधिकारी द्वारा इसका पर्यवेक्षण किया जाये और उसका ग्रुप फोटो परिषद की बेवसाइट/UPMSP DIOS ग्रुप पर अनिवार्य रूप से डाला जाये। इसमें अधिकृत मुद्रकों (पायनियर प्रिंटर्स–आगरा, पीताम्बरा बुक्स–झांसी एवं सिंघल एजेंसीज–लखनऊ) की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

6—असली पुस्तकों की पहचान के लिए अभिभावकों को जागरूक करें कि अधिकृत पुस्तकों के कवर पेज पर 7 अंकों का अल्ट्रा वॉयलेट फ्लोरोसेंट लाल रंग में सीरियल नंबर अंकित है। बिना इस नंबर वाली पुस्तकें 'अनधिकृत' मानी जाएंगी।

कृपया उक्तानुसार आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

संलग्नक— यथोक्त।

भवदीय,

(भगवती सिंह)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0 / पा0पु0रा0 / 04 (1—4) तद्दिनांक।

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, (माध्यमिक शिक्षा), माध्यमिक शिक्षा अनुभाग—7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

2— महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

3— शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड़, लखनऊ।

4— अधिकृत मुद्रकों / वितरकों (1. मे0 पायनियर, सिकन्दरा, आगरा। 2. मे0 पीताम्बरा बुक्स प्रा0लि0, झांसी। 3. मे0 सिंघल एजेन्सीज, पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर, लखनऊ।) को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि प्रदेश के किसी भी जनपद से पुस्तकों की कमी अथवा अनुपलब्धता की सूचना प्राप्त होने पर तुरन्त संबंधित जनपद में पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

4/4/26

(भगवती सिंह)
सचिव।

शैक्षिक सत्र 2026–27 की एन0सी0ई0आर0टी0 एवं परिषद द्वारा विकसित पाठ्यपुस्तकों के मूल्य एवं अधिकृत मुद्रकों/वितरकों के नाम की सूची:–

## एन0सी0ई0आर0टी0 एवं परिषद द्वारा विकसित पाठ्यपुस्तकें

| क्रम | कक्षा | विषय का नाम | पाठ्यपुस्तक का नाम | पुस्तक का मूल्य (रुपये में) | अधिकृत मुद्रक/वितरक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | अंग्रेजी | 1-Beehive – English text , course B | 28.00 | मेसर्स पायनिर प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स आगरा। |
| | | | 2-Moments-English Suppl. Reader, course B | 18.00 | |
| | | | 3-Words & Expression 1 (Eng. Workbook) | 44.00 | |
| 2 | 9 | गणित | 1- गणित | 53.00 | |
| 3 | 9 | विज्ञान | 1- विज्ञान | 57.00 | |
| 4 | 9 | सामाजिक विज्ञान | 1- भारत और समकालीन विश्व–I (इतिहास) | 38.00 | |
| | | | 2- समकालीन भारत–I भूगोल | 22.00 | |
| | | | 3- अर्थशास्त्र | 20.00 | |
| | | | 4- लोकतान्त्रिक राजनीति–I | 34.00 | |
| 5 | 9 | हिन्दी | हिन्दी | 79.00 | |
| 6 | 9 | संस्कृत | संस्कृत | 46.00 | |
| 7 | 9 | उर्दू | उर्दू | 46.00 | |
| 8 | 10 | अंग्रेजी | 1- First Flight- English Textbook, Course-B | 36.00 | मेसर्स पीताम्बरा बुक्स प्रा0लि0, झांसी, |
| | | | 2- Footprints without Feet- English suppl. Reader Course-B | 21.00 | |
| | | | 3- Words & Expression II (Eng. Workbook) | 49.00 | |
| 9 | 10 | गणित | 1- गणित | 67.00 | |
| 10 | 10 | विज्ञान | 1- विज्ञान | 78.00 | |
| 11 | 10 | सामाजिक विज्ञान | 1- भारत और समकालीन विश्व–2 (इतिहास) | 46.00 | |
| | | | 2- समकालीन भारत –2 भूगोल | 34.00 | |
| | | | 3-आर्थिक विकास की समझ–अर्थशास्त्र | 35.00 | |
| | | | 4- लोकतान्त्रिक राजनीति– 2 | 31.00 | |
| 12 | 10 | हिन्दी | हिन्दी | 43.00 | |
| 13 | 10 | संस्कृत | संस्कृत | 35.00 | |
| 14 | 10 | उर्दू | उर्दू | 43.00 | |
| 15 | 11 | अंग्रेजी | 1-Hornbill – English Core | 28.00 | मेसर्स सिंघल एजेन्सीज, लखनऊ। |
| | | | 2-Snapshot – English Suppl. Core | 17.00 | |
| 16 | 11 | भौतिक विज्ञान | 1- भौतिक भाग - I | 63.00 | |
| | | | 2- भौतिक भाग – II | 59.00 | |
| 17 | 11 | रसायन विज्ञान | 1- रसायन भाग - I | 82.00 | |
| | | | 2- रसायन भाग - II | 38.00 | |
| 18 | 11 | जीव विज्ञान | 1- जीव विज्ञान | 87.00 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 11 | गणित | 1- गणित | 87.00 | |
| 20 | 11 | समाजशास्त्र | 1- समाजशास्त्र परिचय | 31.00 | |
| | | | 2- समाज का बोध | 30.00 | |
| 21 | 11 | नागरिक शास्त्र | 1- भारत का संविधान– सिद्धान्त और व्यवहार | 58.00 | |
| | | | 2- राजनीति सिद्धान्त | 34.00 | |
| 22 | 11 | इतिहास | 1- विश्व इतिहास के कुछ विषय | 66.00 | |
| 23 | 11 | भूगोल | 1- भौतिक भूगोल के मूल सिद्धान्त | 49.00 | |
| | | | 2- भारत : भौतिक पर्यावरण | 31.00 | |
| | | | 3- भूगोल में प्रयोगात्मक कार्य भाग–I | 36.00 | |
| 24 | 11 | अर्थशास्त्र | 1- अर्थशास्त्र में सांख्यिकी | 31.00 | |
| | | | 2-भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास | 42.00 | |
| 25 | 11 | व्यवसाय अध्ययन | 1- व्यवसाय अध्ययन | 68.00 | |
| 26 | 11 | लेखाशास्त्र | 1- वित्तीय लेखांकन भाग–1 | 72.00 | |
| | | | 2- वित्तीय लेखांकन भाग--2 | 30.00 | |
| 27 | 11 | मनोविज्ञान | 1- मनोविज्ञान का परिचय | 58.00 | |
| 28 | 11 | गृह विज्ञान | 1- मानव पारिस्थितिकी एवं परिवार विज्ञान भाग–1 | 57.00 | |
| | | | 2- मानव पारिस्थितिकी एवं परिवार विज्ञान भाग–2 | 41.00 | |
| 29 | 11 | हिन्दी | हिन्दी | 84.00 | |
| 30 | 11 | संस्कृत | संस्कृत | 63.00 | |
| 31 | 11 | उर्दू | उर्दू | 89.00 | |
| 32 | 12 | अंग्रेजी | 1-Flamingo – English Core | **26.00** (संशोधित) | मेसर्स पायनिर प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स आगरा। |
| | | | 2- Vistas, English Suppl.Reader Core | 19.00 | |
| 33 | 12 | भौतिक विज्ञान | 1- भौतिक भाग -I | 66.00 | |
| | | | 2- भौतिक भाग – II | 44.00 | |
| 34 | 12 | रसायन विज्ञान | 1- रसायन भाग -I | 51.00 | |
| | | | 2- रसायन भाग -II | 47.00 | |
| 35 | 12 | जीव विज्ञान | 1- जीव विज्ञान | 73.00 | |
| 36 | 12 | गणित | 1- गणित भाग-I | 50.00 | |
| | | | 2- गणित भाग- II | 50.00 | |
| 37 | 12 | समाजशास्त्र | 1- भारत में सामाजिक परिवर्तन | 42.00 | |
| | | | 2- भारतीय समाज-- समाजशास्त्र | 46.00 | |
| 38 | 12 | नागरिक शास्त्र | 1- समकालीन विश्व राजनीति | 38.00 | |
| | | | 2- स्वतन्त्र भारत में राजनीति | 49.00 | |
| 39 | 12 | इतिहास | 1- भारतीय इतिहास के कुछ विषय इतिहास भाग –I | 38.00 | |
| | | | 2- भारतीय इतिहास के कुछ विषय इतिहास भाग–II | 37.00 | |
| | | | 3- भारतीय इतिहास के कुछ विषय इतिहास भाग -III | 39.00 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 40 | 12 | भूगोल | 1- मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त | 30.00 |
| | | | 2- भारत– लोग और अर्थव्यवस्था | 38.00 |
| | | | 3- भूगोल में प्रयोगात्मक कार्य भाग– 2 | 24.00 |
| 41 | 12 | अर्थशास्त्र | 1- व्यष्टि अर्थशास्त्र– एक परिचय | 34.00 |
| | | | 2- समष्टि अर्थशास्त्र– एक परिचय | 37.00 |
| 42 | 12 | व्यवसाय अध्ययन | 1- व्यवसाय अध्ययन– I | 48.00 |
| | | | 2- व्यवसाय अध्ययन– II | 22.00 |
| 43 | 12 | लेखाशास्त्र | 1– साझेदारी खाते | 44.00 |
| | | | 2–कंपनी खाते एवं वित्तीय विवरणों का विश्लेषण | 52.00 |
| 44 | 12 | मनोविज्ञान | 1–मनोविज्ञान | 48.00 |
| 45 | 12 | गृह विज्ञान | 1–मानव पारिस्थितिकी एवं परिवार विज्ञान भाग–1 | 44.00 |
| | | | 2–मानव पारिस्थितिकी एवं परिवार विज्ञान भाग–2 | 39.00 |
| 46 | 12 | हिन्दी | हिन्दी | 89.00 |
| 47 | 12 | संस्कृत | संस्कृत | 59.00 |
| 48 | 12 | उर्दू | उर्दू | 74.00 |

(हस्ताक्षर)

अपर सचिव (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज